दिनांक: 14.10.2024                                    समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राज्य में चलाया जा रहा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम।
- राज्य की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयार किया पैनल।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा–राज्य सरकार खेलों के विकास पर पूरी गंभीरता से ध्यान दे रही है।
- विश्व मानक दिवस आज–जयपुर में मानक महोत्सव का हो रहा है आयोजन।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के पहले चरण में 5 हजार से अधिक गांवों में 3 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से काम करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान राज्य में जल संरक्षण और जल स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री शर्मा ने कल गुजरात के सूरत में जल संचय–जन भागीदारी–जन आंदोलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की जल आवश्यकता को समझते हुए वर्ष 2003 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश को नर्मदा का पानी उपलब्ध करवाया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही राजस्थान और मध्यप्रदेश के मध्य ईआरसीपी परियोजना का एमओयू तथा हरियाणा और राजस्थान के बीच यमुना जल समझौता हुआ। उन्होंने कहा कि देश में जल संचय के क्षेत्र में 'कैच द रेन' कैम्पेन चलाया जा रहा है। ये अभियान जन आंदोलन बनेगा, जिससे जन भागीदारी बढ़ेगी और जल संचय होगा।

000

राज्य की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रदेश भाजपा ने पैनल तैयार कर लिया है। उपचुनाव को लेकर पार्टी की जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर कल हुई कोर कमेटी की बैठक ने प्रत्याशियों के पैनल पर मुहर भी लगा दी है। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सहित कई मंत्री और विधायकगण मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े। बैठक में उपचुनाव के प्रमुख मुद्दों और पार्टी की रणनीति पर गहन मंथन हुआ। बीजेपी ने इन सीटों के लिए तीन–तीन नामों का पैनल तैयार किया है। दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पैनल को रखा जाएगा। इस बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि झुंझुनूं, दौसा, देवली–उनियारा, चौरासी, खींवसर, सलूंबर और रामगढ़ सीटों पर उपचुनाव होने हैं।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर 26 नवंबर को देश के हर गांव में "संविधान गौरव अभियान" मनाया जाएगा। केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कल छत्रपति संभाजीनगर में संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। उन्होंने हर जिले में संविधान भवन बनाने की सरकार की पहल का भी जिक्र किया।

000

बारां जिले में सशक्त बारां अभियान की पहल की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य विशेष योग्यजन को सशक्त बनाने और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अभियान के तहत हर ब्लॉक में 16 अक्टूबर से सहायता शिविर लगाए जाएंगे।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राज्य सरकार खेलों के विकास पर पूरी गंभीरता से ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मिशन ओलंपिक के लिए 100 करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया है। श्री देवनानी ने कल अजमेर के एक स्कूल में 68वीं राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में 50 से अधिक शूटिंग रेंज है। यहां से अपूर्वी चंदेला और अवनी लेखरा जैसे शूटर्स ने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में राजस्थान को ही नहीं बल्कि भारत को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

000

भारत, अगले वर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल परिसंघ–आई.एस.एस.एफ. जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा। आई.एस.एस.एफ. के अध्यवक्ष लुसियानो रोसी ने इसकी पुष्टि की है। कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने विश्व में निशानेबाजी की बढ़ती लोकप्रियता में भारत के योगदान की सराहना की। श्री रोसी ने कहा कि भारत, अपने प्रतिभाशाली निशानेबाजों और खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की अपनी प्रतिबद्धता के कारण निशानेबाजी जगत की एक प्रमुख ताकत है।

000

भीलवाड़ा जिले में इस बार अच्छी बरसात होने से रबी फसल की बंपर बुवाई की जा रही है। रबी की फसल के लिए 1 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक गोपाल लाल कुमावत ने बताया कि जिले में किसानों के साथ ही कृषि विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि बुवाई के लिए पर्याप्त बीज और खाद की व्यवस्था की गई है।

000

आज "विश्व मानक दिवस" है। इस मौके पर जयपुर के भारतीय मानक ब्यूरो–बीआईएस में "मानक महोत्सव" का आयोजन किया जाएगा। ब्यूरो की प्रदेश प्रमुख कनिका कालिया ने बताया कि इस दिवस को हर साल उन विशेषज्ञों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है, जो स्वैच्छिक अंतरराष्ट्रीय मानकों को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि "मानक महोत्सव" में सरकारी अधिकारियों, मानक क्लब मेंटर्स, रिसोर्स पर्सन, उपभोक्ता संगठनों और बीआईएस लाइसेंस धारकों को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

000

महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में ग्रुप–ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कल रात शारजाह में खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम नौ विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी। भारत के सेमीफाइनल की दौड में बने रहने की उम्मीद अब न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच आज शाम होने वाले मुकाबले पर टिकी हुई है। इस मैच में अगर पाकिस्तान जीतता है, तो भारत सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लेगा।

000